प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर किसान कल्याण के लिये सरकार की प्रतिबद्धता दोहराइ।
2. केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज में विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया शुभारम्भ : किसानों से वैज्ञानिक पद्धति अपनाने का किया आह्वान।
3. अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थित रामदरबार का श्रद्धालु जल्द कर सकेंगे दर्शन : श्रीराम मंदिर ट्रस्ट तैयारियाँ पूरी करने में जुटा।

और

4. प्रदेश भर में आज अक़ीदत के साथ मनाया जा रहा है ईद उल अजहा का त्योहार : विशेष नमाज अदा कर मांगी गई शांति और अमन की दुआ।

————————

प्रधानमंत्री नरन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ।

————————

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज जनपद के पनियरा विधानसभा क्षेत्र के बैजू डेहरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने किसानां से वैज्ञानिक पद्धति अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अभियान किसानों को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह अभियान 12 जून तक चलाया जायेगा, यह विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने जन जागरूकता के लिये प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रदर्शनी में लगाये गये विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने किसानो को ट्रैक्टर की चाभी वितरित की, साथ ही श्रीअन्न की मिनी किट भी प्रदान की।

————————

उधर, आजमगढ़ जिले के विकासखंड पवई के छज्जो पट्टी गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को आय दोगुनी करने की विभिन्न तकनीक को जानकारी दी गई। जनपद के नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक वाराणसी, शैलेन्द्र कुमार ने किसानों से कृषि की

नई तकनीकी सीखने के साथ मछली, मुर्गी पालन और अन्य व्यवसायों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने जल संरक्षण पर विशेष बल दिया।

वहीं अमरोहा के नौगांव में अभियान के तहत किसानों से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने गांव में जाकर किसानों को फसल संबंधो समस्याओं के प्रति जागरूक किया और आय बढ़ाने के लिये कृषि के नये तरीकों की जानकारी दी।

————————

प्रदेश सरकार, विकसित कृषि संकल्प अभियान में प्रगतिशील किसानों को 4 लाख 58 हजार निःशुल्क खाद्यानों की मिनी किट वितरित करेगी, जिसमें दलहन, उरद, मूंग, अरहर के एक लाख से अधिक, तिल के एक लाख और मूंगफली के 6 हजार किट होंगे। देश में विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान किसानों को दलहन और तिलहन की उन्नत खेती के तरीकों की जानकारी दी जा रही है।

————————

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है।

**इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है भारतीय किसानों के सशक्तिकरण पर यह विशेष रिपोर्ट.....**

*पिछले ग्यारह वर्षों में, देश का कृषि क्षेत्र एक मौन क्रांति का गवाह रहा है। इसके पीछे बीज से बाजार तक के दृष्टिकोण की प्रेरणा रही है। कृ षि में सरकार का बजट आवंटन लगभग पांच गुना बढ़ा है। 2013–14 में यह 28 हज़ार करोड़ रुपये था जो 2024–25 में एक लाख 37 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख 70 हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि 11 करोड़ किसानों तक सीधे पहुंचाई गई हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया, वहीं, फ़सल बीमा योजना से लगभग 20 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है। गेहूं, धान, दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी बढ़ोतरी हुई है। सोलर पंपों के लिए पीएम–कुसुम और प्राकृतिक खेती मिशन जैसी योजनाओं से कृषि क्षेत्र में मजबूती और स्थिरता को बढ़ावा मिला। पीएम कृषि सिंचाई योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना ने सिंचाई और मृदा उत्पादकता को मजबूत किया है। किसानों को आधुनिक उपकरणों और वैज्ञानिक जानकारी के साथ सशक्त बनाया है। सरकार ने संबद्ध क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। आज, भारतीय किसान केवल एक कृषक नहीं है, अब वह राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहा है। शशांक कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्रथम तल पर प्रतिष्ठित राम दरबार का दर्शन जल्द ही श्रद्धालुओं को मिलने लगेगा। इसके लिए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट विचार कर रहा है। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज बताया कि राम मंदिर के परिसर में राम जन्म स्थान अर्थात जहां पर रामलला टेंट में विराजमान थे, उस स्थल पर एएसआई पुरातत्व विभाग की टीम सर्वे कर रही है। सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि इस पर चर्चा कर रहे हैं। भगवान के दरबार में जाने और आने को लेकर श्रीराम मंदिर ट्रस्ट व्यापक प्रबंध में जुटा हुआ है। लगभग 10 दिन के अंदर दर्शन शुरू हो सकता है। बाइट......

*न्यास जो है वो इस पर विचार कर रहा है। कल भी इस पर चर्चा हुई थी। हमारे सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट के जो प्रतिनिधि आए हैं, उनके साथ भी विस्तार से चर्चा हुई। वहाँ की व्यवस्था के बारे में भी न्यास विचार कर रहा है। जैसे ऊपर चढ़ने के लिए सीढ़ियों पर रेलिंग की व्यवस्था कैसी हो, कितनी लाइने हों। यह सब प्रशासनिक विषय हैं जो न्यास में श्री चंपत राय जी के स्तर पर विचाराधीन हैं। मेरा अनुमान है कि एक सप्ताह से दस दिन के अंदर श्रद्धालुओं को दर्शन की सुविधा मिल जाएगी।*

——————

ईद–उल–अज़हा का त्यौहार आज प्रदेश भर में हर्षोल्लास और धार्मिक परंपराओं के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व को बकरीद के नाम से भी जाना जाता है। मुस्लिम समुदाय ने आज सुबह ईद–उल–अज़हा की विशेष

नमाज ईदगाहों और मस्जिदों में अदा कर देश की तरक्की, अमन और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान संवेदनशील स्थानों पर पुलिसबल तैनात किये गए। त्यौहार के मद्देनजर नगर निगमों और नगर पालिकाओं द्वारा सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद–उल–अज़हा के पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि ईद–उल–अज़हा का त्योहार सभी को मिल–जुलकर रहने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान करता है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में मुस्लिम समुदाय द्वारा सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए नमाज और कुर्बानी की रस्म अदा की गई। ड्रोन की सहायता से भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी गई।

अयोध्या में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंड और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 गौरव ग्रोवर की टीम सिविल लाइन ईदगाह पर मौजूद रही। जिलाधिकारी ने बताया कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये। बाइट.....

*सौहार्दपूर्ण माहौल में जनपद अयोध्या में और अयोध्या नगर में इस त्यौहार को मनाया जा रहा है। हमारे यहां कुल मिला के जो नंबर ऑफ मस्जिद है वो लगभग 230 है और इसी प्रकार से लगभग 120 ईदगाह है। सभी स्थानों पर मुख्यतरू जैसे मैंने कहा बकरीद में ईदगाह पर जैसे नमाज अदा की जाती है तो सभी स्थानों पर हम लोगों ने व्यवस्था करी थी और सभी स्थानों पर जो नमाज है वो संपन्न हो चुकी है।*

वहीं गोरखपुर में भी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। एक रिपोर्ट....

*गोरखपुर में ईद–उल–अजहा पर्व शांति, सादगी, अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। ईद–उल–अजहा की नमाज शहर की सभी ईदगाहों व मस्जिदों में अमन, सलामती, भाईचारे की दुआ के साथ मुकम्मल हुई। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। सबसे पहले मस्जिद सुप्पन खां खूनीपुर व सबसे आखिर में सुन्नी जामा मस्जिद सौदागर मोहल्ले में नमाज अदा की गई। मुस्लिम घरों व तीन दर्जन से अधिक चिन्हित स्थानों पर कुर्बानी परम्परा के मुताबिक अदा की गई।*

*गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

उधर, संभल में ईद की नमाज और कुर्बानी की रस्म सकुशल सम्पन्न हुई। एक रिपार्ट....

*जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा ईद–उल–अजहा के अवसर पर ईदगाह का भ्रमण किया गया। पूरे जनपद में पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी निकाला। शांतिपूर्ण तरीके से ईद–उल–अजहा नमाज अदा की गई । नमाज के दौरान ईदगाह सहित मस्जिदों के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। ड्रोन से भी निगरानी की गई। अरूण कुमार, आकाशवाणी समाचार, संभल।*

————————

मौसम विभाग ने पश्चिम और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने का

अनुमान जताया है। विभाग ने नौ जून से प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

(समाप्त)